13

पत्रांक–2/कोर्ट–35/2013–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शंभु शरण,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक– / /2026

विषय : **CWJC No.–9369/2021 विनय कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में दिनांक–07.07.2026 को पारित आदेश के अनुपालन में डा० विनय कुमार, ऐच्छिक सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी को भुगतेय अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि पर जयघोष (ब्याज) की राशि रु०–3,56,786/– की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक CWJC No.–9369/2021 विनय कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में दिनांक–07.07.2026 को पारित आदेश के अनुपालन हेतु डा० विनय कुमार के दिनांक–25.09.2013 से कुल–300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि (रू. 8,92,850/–) के भुगतान की तिथि–22.05.2020 तक 6% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कुल रु०–3,56,786/– ब्याज की राशि की भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

2. उक्त राशि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2026–27 मे मॉग संख्या–13–सूद भुगतान, बजट मुख्य शीर्ष–2049–ब्याज अदायगियॉ, उपमुख्य शीर्ष–60–अन्य दायित्वों पर ब्याज, लघुशीर्ष–701–उप शीर्ष–0003 विविध न्याय निर्णय के आलोक मे व्यय, विपत्र कोर्ड–13–2049. 60.701 0003 के अन्तर्गत उपबंधित राशि से किया जायेगा।

3. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक, भागलपुर होंगे और राशि का भुगतान जिला कोषागार, भागलपुर से की जायेगी।

4. यह स्वीकृत्यादेश वित्त विभाग के पत्रांक–332. दिनांक–18.04.2022 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/–
(शंभु शरण)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–2/कोर्ट–35/2013– 2506(2) **पटना, दिनांक–** 14/10/2026

प्रतिलिपिः प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/उप सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, भागलपुर/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक, भागलपुर/जिला कोषागार पदाधिकारी, भागलपुर/डा० विनय कुमार, ऐच्छिक सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक, भागलपुर का पत्राचार पता–23/43, राधा रानी सिन्हा रोड, पो०–आदमपुर, जिला–भागलपुर, पिनकोड–812001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः GP-13, पटना उच्च न्यायालय, पटना को CWJC No.–9369/2021 में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक–07.07.2026 (विनय कुमार बनाम राज्य सरकार एव अन्य) के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–07, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.X.26

सरकार के अपर सचिव।